<u>समाचार</u>

स्वच्छता ही सेवा अभियान

सफाई मित्र सुरक्षा कार्यक्रम के तहत निगम के सफाई मित्रों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

कोरबा 26 सितम्बर 2024 – स्वच्छता ही सेवा अभियान के एक महत्वपूर्ण घटक '' सफाई मित्र सुरक्षा '' कार्यक्रम के तहत आज नगर पालिक निगम कोरबा के सभी 16 एस.एल.आर.एम.सेंटर व जोन कार्यालयों में मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदियों व कामगारों का सघन स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्य के दौरान सफाई मित्रों द्वारा सुरक्षा संबंधी अपनाए जाने वाले कदमों व सावधानियों की विस्तार से जानकारी निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी के द्वारा दी।

यहॉ उल्लेखनीय है कि शासन के दिशाा निर्देशों के अनुरूप कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में विगत 17 सितम्बर से स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन करते हुए विशेष साफ–सफाई कार्य, स्वच्छता संबंधी विविध कार्यक्रम, सफाई के प्रति जनजागरूकता, प्रचार प्रसार आदि के कार्य एक अभियान के रूप में संचालित किए जा रहे हैं। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के एक महत्वपूर्ण घटक '' सफाई मित्र सुरक्षा'' के अंतर्गत आज निगम के एस.एल.आर.एम.सेंटर्स एवं जोन कार्यालयों में मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, यूनिट के डॉक्टरों ने सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उनके ब्लड प्रेशर, शुगर आदि की जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार एम.एम.यू. में स्थित लैब में उनका रक्त परीक्षण किया गया। चूंकि साफ–सफाई व स्वच्छता का कार्य सफाई मित्रों के द्वारा संपादित किया जाता है, जिसमें बीमारियों की संभावना बनी रहती है, इसे देखते हुए सफाई मित्रों द्वारा कार्य के दौरान अपनाए जाने वाले विभिन्न सुरक्षात्मक कदमों व सावधानियों के संबंध में विस्तार से जानकारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी के द्वारा प्रदान की गई तथा सफाई मित्रों को कार्य के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपकरण अनिवार्य रूप से धारण करने व सभी आवश्यक सावधानियॉ अपनाने की सलाह दी गई। यहॉ उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा प्रत्येक माह सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदियों व सफाई कार्यो से जुड़े कामगारों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाता है, साथ ही उन्हें आवश्यक सुरक्षा उपकरण भी निगम द्वारा समय–समय प्रदान किए जा रहे हैं।

वार्ड क्र. 45 सर्वमंगलानगर में चला स्वच्छता अभियान – नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 45 सर्वमंगलानगर में आज स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत वार्ड पार्षद श्रीमती भानूमति जायसवाल व माधव प्रसाद जायसवाल की अगुवाई में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया, इस दौरान उपस्थित वार्डवासियों, निगम के सफाई मित्रों ने विशेष साफ–सफाई का कार्य किया। साथ ही बस्ती के अतिरिक्त स्कूल भवन, आंगनबाड़ी भवन, सामुदायिक भवन व अन्य सार्वजनिक स्थलों की विशेष साफ–सफाई की गई, वहीं बस्ती में स्थित नालियों, जल जमाव वाले स्थलों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया गया। इस मौके पर स्वच्छता निरीक्षक उत्तमदास महंत, मान सिंह, निगम के कमांडो तथा वार्ड के नागरिकों ने स्वच्छता कार्यो में अपनी सहभागिता दी।

28 सितम्बर को वृहद स्वच्छता जागरूकता रैली – स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 28 सितम्बर को वृहद स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया है। उन्होने बताया कि प्रातः 7.30 बजे स्वच्छता जागरूकता रैली शास्त्री चौक कोसाबाड़ी कोरबा से प्रारंभ होगी जो सुभाष चौक निहारिका होते हुए घंटाघर पहुंचेगी, जहॉ पर स्वच्छता संबंधी विविध कार्यक्रमों के साथ–साथ उपस्थित लोगों को स्वच्छता शपथ ग्रहण कराई जाएगी। जिला प्रशासन व निगम प्रशासन द्वारा आमनागरिकों से अपील की गई है कि वे स्वच्छता जागरूकता रैली में शामिल हों तथा स्वच्छता ही सेवा अभियान में अपनी सहभागिता दें।